फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2081
dopaharmetro
epaper.dopaharmetro.com
dopaharmetro
वर्ष-08, अंक - 234 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 फरवरी 2025
मंगलवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

दोपहर मेट्रो

Page-7

रायसेन में सीएम यादव व शिवराज ने सिटी सर्वे का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया

नक्शा: मप्र समेत 29 राज्यों में शहरी जमीन का सटीक डाटाबेस तैयार होगा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र समेत ढाई दर्जन राज्यों में भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता और भू-सूचना में सटीकता लाने के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत रायसेन में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने एक वर्षीय राष्ट्व्यापी पायलट प्रोग्राम की शुरूआत की। इस शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम को 'नक्शा' नाम दिया गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, पंचायत मप्र सरकार के कई मंत्री मौजूद रहे। दरअसल, केंद्र सरकार ने नक्शा सिटी सर्वे प्रोग्राम शहरी भूमि सर्वेक्षण के लिए 29 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश में शुरू किया है। इसके लिए 194 करोड़ का बजट निर्धारित है जिसके तहत 141 जिलों के 152 शहरों में भूमि सर्वेक्षण किया जाएगा। इस प्रोग्राम का उद्देश्य शहरी भूमि रिकार्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में क्रांति लाना है। केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत 'नक्शा' योजना शुरू की है। सरकार का मानना है कि यह कार्यक्रम हवाई और जमीनी सर्वेक्षणों को उन्नत जीआईएस तकनीक के साथ जुड़कर भूमि प्रशासन को बेहतर बनाएगा। मुख्यमंत्री यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज ने आज इस प्रोग्राम के साथ ही प्रदेश में 'वाटरशेड यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पुस्तिका, नक्शा फ्लायर और कार्यक्रम से जुड़े वीडियो का विमोचन भी हुआ।

जीआईएस : आठ नीतियां तैयार, हरी झंडी का इंतजार

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के ठीक पहले आज मप्र सरकार आठ और नीतियों को मंजूरी देने की तैयारी में है। इनमें एमएसएमई, स्टार्टअप, भूमि आवंटन नीतियों में संशोधन प्रस्तावित है, वहीं जैव ईंधन नीति को नवकरणीय ऊर्जा नीति में समाहित किया जा रहा है। एकीकृत टाउनशिप, स्वास्थ्य निवेश, ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) और उड्डयन संबंधी नीतियां पहली बार लाई जा रही हैं। आज अपरांह मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक इन नीतियों को स्वीकृति मिलेगी। बताया जाता है कि आज आ रही टाउनशिप पॉलिसी में भू स्वामी मिलकर टाउनशिप बना पाएंगे। उन्हें ग्रीन बेल्ट जैसे प्रावधानों से छूट मिलेगी। कुल क्षेत्र के 15 त्न एरिया में ईडब्ल्यूएस -एलआईजी आवास बनाने होंगे। वहीं हेल्थ इन्वेस्टमेंट पालिसी में बड़े हॉस्पिटल, रिसर्च -डेवलपमेंट में निवेश पर सरकारी मदद मिलेगी। कैबिनेट में अन्नदाता और गरीब कल्याण मिशन के बारे में भी कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुतीकरण होगा। युवा और नारी सशक्तीकरण मिशन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है।

वीकएंड के बाद भी श्रध्दालुओं के जत्थों से 12 किमी का जाम

प्रयागराज, एजेंसी

महाकुंभ में अब सिर्फ 8 दिन बचे हैं, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। वीक एंड के बाद प्रबंधन को उम्मीद थी कि भीड़ का दबाव कम होगा लेकिन कल व आज भी जबर्दस्त भीड़ उमड़ी है। 37 दिनों में 54 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज सुबह भी संगम आने वाले रास्तों पर लंबा जाम है। पुलिस डायवर्जन के लिए टीन शेड लगा रहीं हैं। इससे पहले बीढ़ती रात नैनी नया ब्रिज, फाफामऊ जैसे महाकुंभ से सटे इलाकों में 10-12 किमी लंबी कारों की लाइन लगी रही। 8 से 10 किमी के सफर में लोगों को 3 से 4 घंटे लग गए। पुलिस बाहर से आने वाली गा?ियों को शहर में एंट्री से पहले ही रोक रही है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा चल रहे हैं लेकिन भी? ज्यादा होने के चलते श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचने के लिए 10-12 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। आज पूर्व उपराष्टपति वेंकैया नायडू और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम और एक्टर पवन कल्याण संगम में डुबकी लगाएंगे।

बिहार में भी स्टेशन पर बवाल : प्रयागराज में लगे महाकुंभ के चलते बिहार के कई स्टेशनों पर भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इसी बीच बिहार के आरा स्टेशन से भी एक वीडियो सामने आया है जिसमें संपूर्ण क्रांति ट्रेन में तोड़फोड़ की जा रही है। जिससे एसी कोच के शीशे भी टूट गए। भीड़ की वजह से जिन यात्रियों का टिकट था वो ट्रेन में नहीं चढ़ पा रहे थे. क्योंकि पहले से ट्रेन में सवार यात्रियों ने गेट को अंदर से बंद कर लिया था।

मप्र में कुंभ से लौट रही दो बसें पलटीं : आज तड़के इंदौर के सिमरोल घाट पर एक टूरिस्ट बस बेकाबू होकर पलट गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। इसी तरह, मंदसौर के कुरावन व हरिपुरा के बीच प्रयागराज से गुजरात के वड़ोदरा लौट रहे यात्रियों की बस पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हुए है।

रेल्वे को टिकट बेचने से मना किया था

भगदड़ मामले में आरपीएफ की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में रेल प्रशासन की तरफ 'इशारा'

नई दिल्ली. एजेंसी

रेलवे स्टेशन पर तीन दिन पहले जबर्दस्तभगदड़ को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में भारी लापरवाही की बात सामने आई है। रेलवे पुलिस ने मामले की शुरुआती जांच की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पंद्रह फरवरी की रात लगभग दस बजे, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना हुई। प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15,16 पर भीड़ अधिक हो गई थी। इस कारण इन प्लेटफॉर्म पर रास्ते पूरी तरह जाम हो गए थे। प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। जो प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इसी समय, प्लेटफॉर्म नंबर 13 पर, नई दिल्ली से दरभंगा जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री एकत्र हो गए थे। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, रेलवे अधिकारी प्रयागराज के लिए लगभग 1,500 सामान्य टिकट प्रति घंटे जारी कर रहे थे। इस कारण प्लेटफॉर्म नंबर-14 पर अधिक यात्री एकत्र हो गए। इस भारी भीड़ के कारण, प्लेटफॉर्म पर खड़े रहने के लिए मुश्किल से ही जगह बची थी। इसके साथ ही रेलवे की टीम को टिकट बेचने पर रोक लगाने के लिए भी कहा गया था।

प्लेटफॉर्म बदलना भारी पड़ा

बढ़ती भीड़ और लगातार टिकट बिक्री को देखते हुए, लगभग रात 10 बजे, रेलवे अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म नंबर 16 से प्रयागराज के लिए एक विशेष ट्रेन की घोषणा की। इस घोषणा को सुनकर, सामान्य टिकट धारक यात्री, जो पहले से ही प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़े थे, फुट ओवरब्रिज पार करके प्लेटफॉर्म नंबर 16 की ओर दौड़ पड़े। ऐसा करने में उन्होंने उन यात्रियों को कुचल दिया जो पहले से ही फुट ओवरब्रिज पर बैठे थे जिसके कारण भगदड़ मच गई। अधिकारियों का कहना है कि भारी भीड़ के बीच प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा से भगदड़ व भ्रम की स्थिति बनी। आरपीएफ के अनुसार, ड्यूटी स्टेशन इंचार्ज को भगदड़ की सूचना दी गई थी।

रेलवे की रिपोर्ट का इंतजार

रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि पुलिस रेलवे के सुरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जैसी आएगी उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही की बात आने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

हादसा : डंपर ने हाइवे पर पांच को कुचला, 12 लोग घायल

भिंड, एजेंसी

मध्यप्रदेश के भिंड जिले में डंपर और पिकअप वैन के बीच टक्कर में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 12 अन्य घायल हो गए है। बताया जाता है कि आज सुबह देहात थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 719 पर जवाहरपुरा गांव के पास सुबह करीब पांच बजे कुछ लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे और वैन में बैठे थे और कुछ सड़क पर खड़े थे, तभी अचानक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने उन्हें और उनके वाहन को टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। एसपी ने बताया कि वह अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंचे।

दिमाग में गंदगी.. अलाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

नईदिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अश्लील कमेंट मामले में रणवीर अलाहबदिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने अलाहबदिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि अलाहबदिया के खिलाफ कई स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा। अलाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

लैंडिंग के दौरान विमान पलटा, कई मुसाफिर गंभीर

टोरंटो. एजेंसी

कनाडा के टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 18 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्लेन में 76 पैसेंजर और 4 क्रू मेंबर्स थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान अमेरिका के मीनियापोलिस से टोरंटो आ रहा था। फ्लैप एक्चुएटर फेलियर की वजह से विमान अचानक पलट गया। यानी लैंडिंग के दौरान विमान के पंखों पर लगे फ्लैप सही से काम नहीं कर पाए। कुछ लोगों का कहना है कि हादसे के समय टोरंटो में तेज बर्फीला तूफान चल रहा था। कनाडा के मौसम विभाग के अनुसार, 65 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसी वजह से प्लेन पलट गया। हालांकि, हादसे का सही कारण पता नहीं चल सका है। कनाडा का परिवहन सुरक्षा बोर्ड हादसे की जांच कर रहा है। इसमें अमेरिका की राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड भी मदद कर रहा है।



मौसम की पलटी से बदली रंगत: मप्र में मई जैसे दिन, रात में वसंत का अहसास

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में मौसम ने ऐसी पलटी मारी है कि दिन में गर्मियों के मौसम का अहसास होने लगा है हालांकि रातें थोडी राहतभरी हैं। दरअसल मप्र के अधिकांश जिलों में दिन का टेम्प्रेचर 33 डिग्री के पार पहुंच रहा है। नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला और सिवनी सबसे गर्म हैं जबकि भोपाल-उज्जैन में भी तापमान 31 डिग्री से अधिक तक आ रहा है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 22-23 फरवरी से हल्की ठंड का तीसरा दौर आ सकता है। जिससे पारे में फिर गिरावट होगी। इधर ठंड का असर खत्म होते ही भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में स्कूलों की टाइमिंग बदल गई है। अब स्कूल सुबह 9 बजे की बजाय 7.30 बजे से लग रहे हैं। वहीं, दिन में जल्दी छुट्टी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन के भीतर सभी शहरों में पारे में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। चूंकि फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी है और यह जारी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है। मप्र के बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 31 के पार पारा है तो इंदौर में 30 के पार है। ग्वालियर अपेक्षाकृत ठंडा है। यानि वहां पारा 29 के आसपास चल रहा है। जबकि जबलपुर में 30 और नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 33.6 डिग्री दर्ज किया गया यही स्थिति मंडला 33.5 डिग्री, खंडवा में 33.1 डिग्री और सिवनी में 33 डिग्री में रही है। रात में भी ज्यादातर शहरों में पारा 12 डिग्री से अधिक ही है।

ग्लोबल समिट के पहले सीएमओ में काम का नया बंटवारा हुआ 'वोकल'

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के छह दिन पहले ही मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात अफसरों के बीच कार्यविभाजन के कई मायने निकाले जा रहे हैं। यहां अफसरों के बीच कामों को लेकर नये सिरे से बंटवारा हुआ है, खास बात यह कि बीते आठ महीने में दूसरी बार ऐसा किया गया है। अब सीएम के एसीएस राजेश राजौरा के पास से निजी व शासकीय नियुक्तियों से जुड़ा काम वापस लेकर अपर सचिव चंद्रशेखर वालिंबे को दे दिया है। वे अब राजौरा के बाद दूसरे पावरफुल अफसर बने हैं। राजौरा से सीएम के दिल्ली से जुड़े कार्यक्रमों का जिम्मा भी वापस लिया गया है और यह काम सचिव टी इलैयाराजा को दिया है। हालांकि राजौरा को अलग से सिंहस्थ 2028 की जिम्मेदारी भी दी गई है, वे उज्जैन संभाग के प्रशासनिक प्रभारी भी रहेंगे। अब सीएम की नई टीम में 2 सचिव और 4 अपर सचिव है जबकि एक भी प्रमुख सचिव नहीं है। पूर्व में दो प्रमुख सचिव थे, उनके पास जो जिम्मेदारी थी, वह सचिव सिबि चक्रवर्ती और डॉ. इलैयाराजा टी मिली है। बाकी की जिम्मेदारी 4 अपर सचिव चंद्रशेखर वालिम्बे, अरुण परमार, लक्ष्मण मरकाम और अरविंद कुमार दुबे के बीच बांटी गई है। इस तरह टीम में कुल 19 अफसर रखे हैं, जो पूर्व में 26 थे। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला व राघवेंद्र कुमार सिंह को दूसरी जिम्मेदारी देते हुए अन्य विभागों में भेज दिया था। फिर भरत यादव को भी सीएमओ से बाहर सड़क विकास निगम का एमडी बना दिया।

अब सर्दी से राहत : दिन में चुभने लगी धूप, रात में गुलाबी ठंडक



भोपाल, दोपहर मेट्रो। मौसम का उतार चढ़ाव का दौर अभी जारी रहेगा, वहीं महाशिवरात्रि के बाद धूप के तेवर और तीखे होने की संभावना जताई जा रही है। शहर में इन दिनों मौसम शुष्क बना हुआ है। तीखी धूप के साथ ही अब पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। दिन में जहां गर्मी का अहसास होने लगा है, वहीं रात में हल्की ठंडक बरकरार है। सुबह शाम गुलाबी सर्दी और दिन में तीखी धूप पड़ने लगी है। ऐसे में तापमानों में भी उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। राजधानी में इन दिनों से सर्दी से राहत मिल गई है। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। दिन में धूप के तेवर तीखे हो गए हैं, वहीं रात में हल्की ठंडक का दौर चल रहा है। फिलहाल तापमान इसी तरह रहने की संभावना है।

स्मार्ट मीटर से स्मार्ट झटका, चुपके से बढ़ जाएगी बिल की राशि!

- जाहिर तौर पर नजर नहीं आएगा, लेकिन टैरिफ पर दिखेगा इसका असर
- सुबह छह बजे से दस बजे तक और शाम छह बजे से रात दस बजे तक तय टैरिफ से 20% ज्यादा आएगी राशि

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट तरीके से झटका देने वाला है। नए बिजली टैरिफ के लिए मप्र विद्युत नियामक आयोग को दिए प्रस्ताव में दो ऐसे प्रावधान हैं, यदि इन्हें मंजूरी मिली तो फिर स्मार्ट मीटर से बिजली ले रहे उपभोक्ताओं का बिजली खर्च बढ़ जाएगा। हैरानी ये कि ये जाहिरतौर पर नजर नहीं आएगा, लेकिन टैरिफ पर इसका असर दिखेगा।

शहर में 55 हजार स्मार्ट मीटर

भोपाल में करीब तीन लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसमें से 55 हजार मीटर की स्थापना हुई है। मध्यक्षेत्र के 16 जिलों को मिलाने पर ये करीब एक लाख का आंकड़ा बनता है। अभी इनके प्री-पेड बनने के लिए मप्र विद्युत नियामक आयोग एसओपी यानी नियमावली बना रहा है। इसके बाद बिजली का प्री भुगतान लेना शुरू कर दिया जाएगा। शहर में इस समय छह लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता है। ग्रामीण मिलाने पर ये संया 9 लाख से अधिक बनती है। सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर की स्थापना की जाना है। स्मार्ट मीटर से रियल टाइम बिजली की खपत पता चलेगी, इसके लिए एक मोबाइल एप भी लॉन्च किया गया है। हालांकि एप अभी काम नहीं कर रहा है। वहीं मप्र विद्युत नियामक आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि आयोग में अभी टैरिफ को लेकर लगी याचिका पर सुनवाई का दौर शुरू होगा। सबको सुनने के बाद ही अंतिम निर्णय होगा। सुझाव आपत्ति की प्रक्रिया होगी। ऐसे में सोच विचार करके ही निर्णय होगा।

ये दो प्रावधान बढ़ाएंगे बिल

- **टाइम ऑफ दि डे टैरिफ**- बिजली के नए टैरिफ के लिए दायर याचिका में स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के परिसरों में टीओडी यानी टाइम ऑफ दि डे टैरिफ लागू करने का प्रावधान किया है। अभी ये दस किलोवॉट से अधिक भार वालों पर लागू है। इसमें सुबह छह बजे से दस बजे तक व शाम छह बजे से रात दस बजे तक पीक अवर्स में बिजली की दर तय टैरिफ से 20 फीसदी ज्यादा रहती है। पीक अवर्स में बिजली का उपयोग ज्यादा होता है और इसीलिए ये बिल को 20 फीसदी तक बढ़ा देगा।
- **टोटैक्स मॉडल से स्मार्ट मीटर**- याचिका में स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम के लिए टोटैक्स मॉडल को मंजूर करने की बात है। इस मॉडल में मीटर खरीदी लागत, स्थापना व आइटी संचार नेटवर्क की लागत के साथ रखरखाव-मरमत, डेटा ट्रांसमिशन, साइबर सुरक्षा, बिलिंग, ग्राहक सेवा, सॉटवेयर अपग्रेड और लाइसेंस फीस को भी शामिल कर लिया है। खरीदी से लेकर रखरखाव लागत एक साथ वसूली के लिए लोन की इएमआई ज्यादा बनेगी। उपभोक्ताओं में इसे बांटकर टैरिफ में ही शामिल कर वसूला जाएगा। जिससे एक नई लागत बिल में जुड़ जाएगी, जिससे टैरिफ महंगा ही लागू होगा।

ईरानी डेरे के घर-दुकान को हटाने फिर देंगे नोटिस

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मेट्रो ट्रेन की पहली लाइन के दूसरे भाग जिंसी से करोद के बीच निर्माण की राह में बाधक निर्माण हटाने जिला प्रशासन और मेट्रो रेल कारपोरेशन के बीच सोमवार को बैठक हुई। इरानी डेरे के बचे हुए मकान-दुकान को हटाने के लिए नए सिरे से नोटिस देने की बात कही गई। जिन लोगों को मुआवजा राशि नहीं दी गई। उन्हें जल्द से राशि देकर निर्माण स्थल को खाली कराने के लिए कहा गया। पुलिस के साथ समन्वय बनाकर छोटे निर्माण को हटाने के निर्देश एडीएम स्तर से दिए गए। एसडीएम सिटी दीपक पांडेय का कहना है कि सबसे पहले इरानी डेरे के बचे हुए मकानों व दुकान को हटाना तय किया गया। इसी दौरान निर्माण से बन रही दिक्कतों का आंकलन करके उन्हें दूर करने के लिए भी कहा गया। गौरतलब है कि भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म छह की ओर से नादरा बस स्टैंड व करोद तक अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन व अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का निर्माण होना है। करीब सवा तीन किमी लंबी अंडरग्राउंड सुरंग बनेगी। इसकी राह की बाधाएं ही सबसे पहले दूर की जा रही हैं।

53 पुलिस वालों में से 17 को दृष्टिदोष पाया गया

सेवासदन का गांधीनगर में चैकअप कैंप

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

लंबी ड्यूटी तथा अत्यधिक कार्य का बोझ होने के कारण पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य की प्रति सजग नहीं रहते। सेवासदन चिकित्सालय का पुलिस कर्मियों की सेहत की जांच के लिए शिविर सराहनीय है। यह बात डीसीपी जितेंद्र पवार ने कही। वे गांधीनगर पुलिस कर्मियों के आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच के लिए सेवासदन द्वारा आयोजित शिविर के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। शिविर में 53 व्यक्तियों ने अपनी आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच कराई, जिनमें 17 को दृष्टिदोष पाया गया जबकि 6 व्यक्तियों को सेवासदन नेत्र चिकित्सालय जाकर अपनी नेत्र रोगों का इलाज करवाने की सलाह दी गई। सभी 53 बाह्य रोगियों को निःशुल्क ड्रॉप्स और 23 व्यक्तियों को चश्में वितरित किये गये। जांच में 08 रोगियों का ब्लड प्रेशर तथा 07 रोगियों की डायबिटीज का लेवल बड़ा हुआ पाया गया। इन रोगियों को अपनी बीमारियों का नियमित इलाज करवाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर गांधीनगर थाना प्रभारी सुरेश कुमार, समाजसेवी डॉ. मुरलीधर भगतानी, पूज्य सिंधी पंचायत गांधीनगर के अध्यक्ष अशोक प्रेमानी, झूलेलाल मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष खूबचंद भागचंदानी भी उपस्थित थे।

एससी के छात्रों को मिली सिर्फ 10 महीने की छात्रवृत्ति, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में लिया संज्ञान

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला एससी के छात्रों को 12 माह तो एसटी को सिर्फ 10 माह की शिष्यवृत्ती मिलने का है। मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, प्रदेश के 152 छात्रावासों में अनुसूचित जनजाति के कॉलेजों में पढ़ रहे 8635 छात्रों को आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 12 महीने की जगह सिर्फ 10 महीने ही शिष्यवृत्ती दिये जाने का मामला सामने आया है। अनुसूचित जाति के कॉलेज विद्यार्थियों को 12 महीने शिष्यवृत्ती मिल रही है, जबकि अनुसूचित जनजाति के कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को सिर्फ 10 महीने ही शिष्यवृत्ती दी जा रही है। विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति दोनों वर्ग के विद्यार्थियों को कॉलेज में पढ़ने के लिए छात्रावास की सुविधा दी जाती है, लेकिन भोजन के लिये प्रतिमाह मिलने वाली शिष्यवृत्ति की राशि अलग-अलग दी जा रही है।

मध्यप्रदेश
मानव अधिकार
आयोग

500 से ज्यादा बच्चे स्कूल जाने में परेशान, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के करहोदा पंचायत के पांच गांवों के तकरीबन 500 से ज्यादा बच्चें को गांव में पांचवी के बाद सरकारी या निजी स्कूल नहीं होने के कारण गांव से 13 किमी दूर तिलेंडी में 5वीं से आगे की प?ाई के लिये स्कूल जाने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूल तक पहुंचने के लिये खराब स?कों से होकर आवाजाही करनी प?ती है। कच्चे एवं खराब रास्ते होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने में कई तरह की परेशानी का सामना करना प?ता है। आयोग ने प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा और आयुक्त, स्कूल शिक्षा को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट भी मांगी है।?

मेट्रो एंकर

कोरोनाकाल में कोविड प्रोटोकाल के तहत दफनाए गए थे 700 शव

यादगार के तौर पर किसी ने चंदन के पौधे लगाए तो कोई फूलों से सजा रहा कब्र

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोविड के दौर में दुनिया से गए लोगों को चंदन और फूलों के पौधों को देखकर याद किया जाएगा। राजधानी के झदा कब्रिस्तान में ये पहल हुई। कब्रों के आसपास पौधे लगाए गए। कोविड प्रोटोकाल के तहत यहां 800 शवों को दफनाया गया था। आखिरी वक्त में परिजन अपनों से दूर थे अब पौधों के रूप में इन्हें यादगार बनाने की कोशिश है। संदिग्ध स्थिति में जिनकी मौत हुई थी उनका अंतिम संस्कार कोविड गाइडलाइन के तहत किया गया था। राजधानी के झदा कब्रिस्तान को ऐसे शवों को दफनाने के लिए आरक्षित किया गया। यह 18 एकड़ का कब्रिस्तान है। इसके तीन हिस्सों में 700 शव कोविड गाइडलाइन के तहत दफन किए गए हैं। जिसके चलते इनके परिजन अंतिम समय पर कब्र पर नहीं पहुंच सके।

फिलहाल हरियाली को दे रहे हैं बढ़ावा

जानकारी के अनुसार कोविड प्रोटोकाल के तहत यहां करीब 700 लोगों को दफनाया गया। भोपाल के अलावा कई जिलों के लोग हैं। कब्रों की साफ-सफाई के लिए लोग आ रहे हैं। यहां पेड़ पौधे भी लगाए जा रहे हैं ताकि हरियाली को बढ़ावा मिले। परिजनों को इसके लिए मनाही नहीं है। साफ सफाई के साथ हरियाली को बढ़ाने इंतजाम हो रहे हैं। वहीं कमाल खा ने बताया कोरोना काल में पिता का इंतकाल हो गया था। आखिरी वक्त पर हमें उन्हें कांधा देने भी नसीब नहीं हो पाया। ये कहते हुए उनकी आंखें भर गया। कहां भयानक दौर था। इन्होंने कब्र के आसपास पेड़ पौधे लगाए थे जिनमें फूल भी थे। यहां एक कब्र पर यासीन दुआ पढ़ रहे थे। इन्होंने यहां पौधे लगाए। बोले पेड़ पौधों के रूप में वे दुनिया से जा चुके लोग हमेशा यादगार बने रहेंगे। झदा कब्रिस्तान के एक हिस्से में फूलों की बगिया बनेगी।

झदा कब्रिस्तान पर लगा रहे पौधे

मां के मंदिर में 26 फरवरी को होगा सेवादारियों का सम्मान

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

नुक्कड वाली माता मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को शाम 6 बजे शिवजी का महापूजन किया जाएगा। मंदिर में श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा में सहयोग करने वाले सेवाधारियों का सम्मान भी किया जाएगा। समिति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विष्णु विश्वकर्मा, विहिप बजरंग दल नेता विशाल पुरोहित, आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, संत हिरदाराम गर्ल्स कालेज के हीरो ज्ञानचंदानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल, संस्कार स्कूल सचिव बसंत चेलानी, पत्रकार संस्थापक अध्यक्ष कमल मनसुखानी, रामचंद सबनानी, सिंधी सेंटल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष संदीप पाठक, बजरंग सेना समिति कमलेश देवानी, रोहित परमार, डॉ खेमचंदानी, हीरो हिन्दू, वासु ठेकेदार, दिलीप दीनानी, राज बालचंदानी, रमेश किशनानी सच्चा सोदा, अमित दीक्षित, मैथाली शर्मा का सम्मान करेगी।

जीएनएम-एएनएम परीक्षाएं 1 अप्रेल से

भोपाल, दोपहर मेट्रो. मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने 2022-23 सत्र के जीएनएम और एएनएम नर्सिंग परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह एक से और आठ अप्रेल तक चलेंगी। 11 से 17 अप्रेल तक प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी। छात्र-छात्राएं पिछले तीन साल से प्रथम वर्ष की परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा नहीं होने से विद्यार्थी परेशान थे।

सत्यमेव जयते

भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India

मध्यप्रदेश शासन

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नक्शा

NAtional geospatial Knowledge-based land Survey of urban HAbitations

शहरी भूमि की सही पहचान

सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ

विशेषताएं

- डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
- हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
- वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
- भू-स्थानिक डेटा
- ट्रांसपेरेंट सिस्टम

लाभ

- मालिकाना हक की स्पष्टता
- शहरी विकास में तेजी
- क्रेडिट और लोन की आसानी
- संपत्ति कर वसूली में सुधार
- आपदा प्रबंधन में सहायक

अध्यक्षता

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मुख्य अतिथि

शिवराज सिंह चौहान

केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय

D - 11184 / 24

विशिष्ट अतिथि

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय

18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश

D11184/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मप्र में स्वच्छ ऊर्जा... 30 गुना बढ़ी सौर ऊर्जा और 8 गुना बढ़ गई पवन ऊर्जा

नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जबरदस्त बढ़ोतरी... 3308 मेगावाट हो गई

भारत के ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव का एक प्रमुख हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में बढ़ते कदम हैं, और मध्यप्रदेश इस बदलाव का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। पिछले एक दशक में राज्य ने सौर और पवन ऊर्जा में अभूतपूर्व वृद्धि की है, जिससे यह देश में नवकरणीय ऊर्जा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। इसके साथ ही, राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा के उत्पादन और वितरण में विविधता लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं, जो पर्यावरणीय स्थिरता और आर्थिक समृद्धि दोनों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े

• पिछले एक दशक में भारत ने अपने ऊर्जा मिश्रण को विविध बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। तहत भारत ने 2030 तक 500 GW गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा का लक्ष्य रखा है। • 2014 से अब तक सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 30 गुना बढ़कर 94.16 GW तक पहुँच चुकी है, जबकि पवन ऊर्जा क्षमता 47.95 GW तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, सरकार ने सौर पाकों के विकास के लिए कई पहल शुरू की हैं और 100 स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत रूफ टॉप सोलर का अनिवार्य प्रावधान किया गया है। इस बदलाव के साथ न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। • मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि की है। 2012 में सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता महज 37 मेगावाट थी, जो 2024 तक बढ़कर 3,308 मेगावाट हो गई है। • पवन ऊर्जा की क्षमता 324 मेगावाट से बढ़कर 2,880 मेगावाट हो गई है। राज्य सरकार ने भविष्य में 2035 तक कुल नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को 53,825 मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें सौर, पवन और भंडारण समाधानों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

निवेशकों के लिए खास...: सौर ऊर्जा उत्पादन में मप्र अग्रणी

राज्य में कई बड़ी नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें रीवा सौर पार्क, नीमच सौर परियोजना और मुरैना हाइब्रिड पार्क शामिल हैं। इन परियोजनाओं से राज्य की ऊर्जा क्षमता में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। मध्यप्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उपयुक्त नीतिया बनाई हैं, जिससे राज्य को घरेलू और वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षक निवेश केंद्र बनाया गया है। इसी दिशा में, 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के तहत नवीकरणीय ऊर्जा पर एक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडस्ट्री लीडर्स और क्षेत्र के विशेषज्ञ नवकरणीय ऊर्जा के भविष्य पर चर्चा करेंगे।

मध्यप्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगातार प्रगति और महत्वाकांक्षी योजनाएं राज्य को भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख पावरहाउस बनाने की दिशा में अग्रसर कर रही हैं। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, साथ ही बड़ी परियोजनाओं और निवेशकों को आकर्षित करने की नीतियों से, मध्यप्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है।

- देश के सौर ऊर्जा उत्पादन में मध्यप्रदेश 8.2% के योगदान के साथ चौथे स्थान पर है।
- प्रदेश के रीवा में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-साइट सोलर प्लांट (750 मेगावाट) दिल्ली मेट्रो को बिजली प्रदान करता है!
- राज्य का ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट है।
- सांची देश की पहली सोलर-सिटी है।
- नीमच जिले में भारत की सबसे बड़ी पंप स्टोरेज परियोजना 7,000 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को एकीकृत करती है।
- भारत का पहला पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन नर्मदापुरम के मोहासा बाबई में 884 एकड़ में विकसित किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश की PSP नीति 2025: ऊर्जा भंडारण में नया युग

GIS 2025 में नवीकरणीय ऊर्जा निवेश को मिलेगा बढ़ावा

मध्य प्रदेश सरकार ने पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज (PHS) नीति 2025 को लागू किया है, जिससे राज्य में ऊर्जा भंडारण की क्षमता को 12,000 मेगावाट (MW) तक बढ़ाने की योजना है। भारत में सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसकी अस्थिरता एक चुनौती बनी हुई है। पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (PSP) तकनीक ऊर्जा भंडारण के लिए एक भरोसेमंद समाधान है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस नीति का लक्ष्य हरित ऊर्जा का अधिकतम उपयोग और विद्युत ग्रिड की स्थिरता बनाए रखना है।

नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा

- सौर और पवन ऊर्जा को निर्बाध बनाए रखने के लिए PSP तकनीक का उपयोग।
- जल-आधारित पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं से 24x7 हरित ऊर्जा उपलब्ध होगी।
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के स्थायित्व को बढ़ाने में मदद।

PSP नीति 2025 के तहत परियोजना विकास के 4 तरीके

Mode-1
सरकारी उपक्रमों (PSU) को नामांकन के आधार पर PSP साइट आवंटन।

Mode-2
निजी डेवलपर्स द्वारा तीसरे पक्ष के लिए PSP परियोजना विकास।

Mode-3
राज्य विद्युत वितरण कंपनियों (MPPMCL) के लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से PSP परियोजनाएं।

Mode-4
स्वयं-चिह्नित ऑफ-स्ट्रीम PSP परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन।

ग्रिड स्थिरता और ऊर्जा भंडारण की नई व्यवस्था

- मध्य प्रदेश सरकार 12.000 मेगावाट की ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करेगी।
- 2034-35 तक राज्य की कुल ऊर्जा मांग को पूरा करने में मदद करेगा।
- PSP परियोजनाओं की चर उरीकों से विकसित किया जाएगा-सरकारी स्वतंत्र देशलनर कैदियोग और नीलामी प्रक्रिया।

PSP नीति निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन

- **सिंगल विंडो क्लीयरेंस:** सभी अनुमतियां 60 दिनों के भीतर।
- **भू-आवंटन में छूट:** सरकार परियोजनाओं के लिए विशेष भूमि आवंटन योजना लागू करेंगी।
- **पावर टैरिफ पर रिवायते:** PSP में उत्ा्म बिजली पर विशेष शुल्क छूट।
- **इंटर स्टेट ट्रांसमिशन चार्ज छूट:** 30 इन 2025 में पहले शुरू किए गए PSP प्रोजेक्ट्स को छूट।

50,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे PSP नीति के तहत राज्य में

पर्यावरणीय प्रभाव

- PSP परियोजनाओं से 100% हरित ऊर्जा उत्पादन संभव होगा।
- कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन पर निर्भरता कम होगी।
- जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

GIS 2025 के तहत उद्योगों, घरेलू उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलेगा बड़ा लाभ

मध्य प्रदेश की CGD नीति 2025 हर घर तक स्वच्छ और किफायती गैस

मध्य प्रदेश सरकार ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति 2025 को लागू कर रही है। इस नीति के तहत, राज्य में प्राकृतिक गैस (PNG) और कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (CNG) के वितरण नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा, जिससे घर-घर स्वच्छ और सस्ता ईंधन उपलब्ध होगा। राज्य सरकार का लक्ष्य GIS 2025 के जरिए निवेशकों को आकर्षित करना और मध्य प्रदेश को भारत के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित करना है।

CGD नीति 2025: प्रमुख विशेषताएं -लाभ

- घरेलू उपयोग के लिए PNG एलपीजी सस्ती होगी
- महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव, धुएं रहित खाना पकाने का विकल्प
- घर-घर पाइप से आपूर्ति, सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी का झंझट खत्म

CNG से परिवहन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

- CNG वाहनों के लिए 1% मोटरयान कर में छूट
- CNG स्टेशन निर्माण के लिए आसान अनुमतियाँ और सरकारी सहायता

CGD नीति के तहत औद्योगिक-वाणिज्यिक लाभ

- औद्योगिक इकाइयों को सस्ती PNG आपूर्ति, जिससे उत्पादन लागत में कमी
- राज्य में CNG और PNG आधारित औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना
- स्टील, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और टेक्सटाइल सेक्टर को विशेष लाभ
- होटल, रेस्तरां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए PNG की उपलब्धता विशेष वित्तीय प्रोत्साहन, जिससे नए उद्योगों को स्थापित करना होगा आसान

निवेशकों को क्या मिलेगा?

- **सभी अनुमतियां 60 दिनों के भीतर, पाइपलाइन बिछाने की अनुमति 77 दिनों के भीतर**
- **स्टांप ड्यूटी पर 100% छूट, औद्योगिक इकाइयों के लिए प्राकृतिक गैस पर विशेष सब्सिडी**

पर्यावरणीय प्रभाव

- CNG और PNG के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी, राज्य के प्रमुख शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार
- डीजल और पेट्रोल की निर्भरता कम होगी, जिससे हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा

आर्थिक प्रभाव

- नए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर
- घरेलू और औद्योगिक ऊर्जा लागत में कमी से MSME सेक्टर को बढ़ावा
- किफायती परिवहन विकल्प से आम नागरिकों की बचत में वृद्धि

'निवेश तीसरा इंजन' मंत्र से मिलेगी GIS-2025 को ऊंची उड़ान

समिट के लिए आयोजन स्थल की थ्रीडी डिजाइन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत आम बजट में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग, कृषि और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनका गध्यप्रदेश में व्यापक प्रभाव होगा। विशेष रूप से, 24 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के लिए निवेश की सभावनाएँ और मजबूत हुई हैं। बजट के प्रावधानों से उद्योगों को मजबूती मिलेगी। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बजट के तत्काल बाद निवेशक सम्मेलन का आयोजन राज्य के आर्थिक विकास के लिए लाभदायक साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से इस समिट को लेकर उद्योग जगत में पहले से ही उत्साह है, जिसे केंद्र सरकार की उद्योग हितैषी नीतियाँ और गति देगी। बजट में निवेश को तीसरा इंजन बताया गया है। ग्रीन एनजों और इषी तकनीक को बढ़ावा देने की योजना में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। राज्य खनन सूचकांक की स्थापना से खनन सेक्टर को लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश, खनन क्षेत्र में निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। भोपाल में पहले आयोजित खनन सम्मेलन में 20,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जो राज्य के विकास में सहायक होंगे।

मध्यप्रदेश बना निवेशकों की पहली पसंद... पानी, बिजली भरपूर... आबोहवा भी बेहतर

• मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी... पूरे प्रदेश में 30 हजार से ज्यादा स्टार्टअप चल रहे हैं... समिट के लिए आयोजन स्थल की वीडी डिजाइन आम बजट में उद्योगों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, यह मध्यप्रदेश में मौजूदा कंपनियों के साथ आने वाले निवेशकों के लिए भी सौगात है। छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। MSME के लिए लीन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।

• देश के शीर्ष 50 टूरिज्म स्पॉट को राज्यों को सहायता से और विकसित किया जाएगा। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानी को विकसित करेंगे। मध्यप्रदेश 1 के लिए धार्मिक पर्यटन का विशिष्ट स्थल है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम का लाभ बजट में की गई उस घोषणा से मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल टूरिज्म के लिए वीजा नियमों को आसान किया जाएगा।

• मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। इनोवेटिव्स के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। नेक्ट जनरेशन के स्टार्टअप के लिए डीप टेक फंड पर विचार किया जाना गध्यप्रदेश के युवाओं को नए अवसर देगा। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुगाए किया जाएगा। गारंटी फीस में भी कमी होगी। एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

युवाओं और किसानों को सौगातें... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता में रखा है, उसे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी सतत आगे बढ़ा रहे हैं। आज केंद्र सरकार के बजट में उद्योग जगत सहित युवाओं और किसानों को सौगातें मिली है। मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की संभावनाओं को आम बजट ने और अधिक विस्तार दिया है।

भविष्य की रफ्तार... ऑटोमोटिव और ईवी उद्योग का नया हब मप्र

समिट में एमपी मोबिलिटी एक्सपो- 2025 का भी आयोजन

भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो का आयोजन होगा। यह प्रमुख कार्यक्रम राज्य की ऑटोमोटिव क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित करेगा। नवाचार और स्थिरता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ एक्सपो का उद्देश्य मध्यप्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन समाधानों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

मप्र ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन (के क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी पर मजबूत जोर देने के साथ-साथ टिकाऊ और नवाचार वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मप्र वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में एक शीर्ष राज्य है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की यह रणनीति सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस क्षेत्र को सरकार की ओर से सब्सिडी और नीतिगत सहयोग मिल रहा

भारत का डेट्रॉइट कहलाने वाला पीथमपुर मध्य प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। यह कई OEMS और एशिया के सबसे बड़े नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक का केंद्र है। ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट उद्योगों के लिए परीक्षण, अनुसंधान, विकास और प्रमाणन की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। मध्यप्रदेश का ऑटोमोटिव उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, खासकर टिकाऊ और इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक के क्षेत्र में।

- **एक्सपो की मुख्य विशेषताएं:** यह एक्सपो वाहन निर्माताओं, तकनीकी नवाचारकों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाएगा। इससे नई साझेदारियां बनेंगी और उद्योग की प्रगति को गति मिलेगी।
- सुपरकार और सुपरबाइक प्रदर्शनी: हाई-परफॉर्मेंस सुपरकार और सुपरबाइकों की प्रदर्शनी ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण होगी।
- बी2बी नेटवर्किंग और निवेश के अवसर: एक्सपो व्यवसायियों को मध्य प्रदेश के तेजी से बढ़ते ऑटोमोटिव क्षेत्र में सहयोग और निवेश के नए अवसर प्रदान करेगा।
- मजबूत सरकारी समर्थन: ऑटोमोबाइल क्षेत्र को सरकार की ओर से सब्सिडी और नीतिगत सहयोग मिल रहा है, जिससे इसका विस्तार तेजी से हो रहा है।

प्रमुख प्रतिभागी... एक्सपो में मध्यप्रदेश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियां शामिल होंगी, जिनमें ब्रिजस्टोन, ZF स्टीयरिंग, बैडवे इंजीनियरिंग, मथरसन सुमी, गैब्रियल पिस्टन देवास, आनंद इंडस्ट्रीज, झालानी इंजीनियर्स, S.D. एक्सल्स प्राइवेट लिमिटेड, जगतजीत इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड, वी.ई. कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड और पिनेकल इंडस्ट्रीज शामिल हैं। ये प्रमुख प्रतिभागी अपने उद्योग अग्रणी नवाचारों और विशेषज्ञता को इस कार्यक्रम में प्रस्तुत करेंगे।

D-13009/24

सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर हादसा

स्कूल वैन और कार की जोरदार भिड़ंत में आधा दर्जन बच्चे घायल, दो जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर प्राइवेट स्कूल बैन और आल्टो कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, हादसे में 8 से 10 बच्चे घायल हुए हैं। साथ ही बैन का चालक और आल्टो कार में सवार पति पत्नी भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हादसे तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से तीन कि.मी की दूरी पर बम्हौरी ग्राम में हुआ, हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए साथ ही चीख पुकार मच गई, जहां आसपास मौजूद लोगों ने बैन में बुरी तरह फंसे बच्चों को बाहर निकाला और इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उपचार के बाद स्कूल के दो बच्चो को एवं वैन के चालक को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस बिलंब से घटनास्थल और स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। वहीं हादसा का कारण वाहनों की तेज रफ्तार बताई जा रही है।

जानकारी अनुसार हादसा बम्हौरी ग्राम में हुआ है जहां पर बैन क्रमांक एमपी 20 बीए 3733 है जिसमें नगर में संचालित जे आर कान्वेंट स्कूल के बच्चों बैठे हुए है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि स्कूल वैन में 7 लोगों को बैठाने का नियम है लेकिन बैन कार में 15 से 20 बच्चे बैठे हुए थे, जो नियम विरुद्ध है वहीं अल्टो कार क्रमांक सीसी 27 बी 2088 है जो सागर से जबलपुर जा रही थी जिसमे ज्योति पति धनेश तिवारी उम्र 50 वर्ष धनेश पिता माता प्रसाद तिवारी उम्र 53 वर्ष घायल हुए हैं। साथ ही स्कूल वैन में आकाश पाल उम्र 6 वर्ष बम्हौरी अभिषेक पाल उम्र 13 वर्ष बम्हौरी राजेश पाल उम्र 9 वर्ष बम्हौरी पूरन पाल उम्र 10 वर्ष बम्हौरी साथ ही कुछ बच्चों को लोग प्राइवेट वाहन से प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। और स्कूल वैन चालक अमन पिता कलीम खान उम्र 30 वर्ष निवासी तेन्दूखेड़ा इस हादसे में घायल हुए हैं। जिसमें से दो बच्चों सहित बैन कार चालक को जबलपुर रेफर किया गया है। अन्य लोगों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र और प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है,

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की माने तो दोनों वाहनों की रफ्तार अत्यधिक थी जिस समय यह हादसा हुआ है गांव में मौजूद लोगों सहम गए और दौड़ कर वाहनों के पास पहुंचे जहां स्कूल बैन में आगे बैठे दो बच्चे और चालक बुरी तरह बैन में फंसे हुए थे जिन्हें लोहे की रॉड से गेट को तोड़कर बच्चों और चालक को बाहर निकाला गया। अन्य बच्चों को भी वही अल्टो कार मे मौजूद घायलों भी बाहर निकलकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

प्रतिबंध के बावजूद गैस किट

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राइवेट स्कूलों में शासन प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी के कारण स्कूली बच्चों को खतरे के बीच सफर कराया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। दरअसल शहर से लेकर गांव तक स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद गैस किट लगी स्कूल वाहनों से स्कूल के बच्चों को ढोया जा रहा। लेकिन पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा ऐसे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

इनका कहना है

> तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवार का कहना है हादसा हुआ है जिसमें कुछ बच्चे घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है वहीं इन ओवरलोड बैन और आटों पिकअप वाहन पर कार्रवाई की जाएगी स्कूलों में भी इन बैन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मां नर्मदा सिर्फ नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला है : वर्मा

सेवानिवृत्त विजय वर्मा ने की कोरी घाट पर सफाई

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नर्मदा पुरम। मां नर्मदा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला हैं। इसे स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बात कायस्थ महासभा के नर्मदा साफ सफाई अभियान के दौरान सेंट्रल बैंक से सेवानिवृत हुए अधिकारी और ?समाजसेवी विजय वर्मा ने कही । उन्होंने इस अभियान में हिस्सा लिया और साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे अभियान करना चाहिए जिससे हमारे नर्मदा के घाट और शहर साफ स्वच्छ हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा की स्वच्छता और संरक्षण के संकल्प के साथ हमें इस अभियान को आगे बढ़ाना है और सभी समाज को इसमें आकर योगदान देना चाहिए।

विजय वर्मा ने बताया कि सेठानी घाट जो नर्मदा अंचल की एक अमूल्य धरोहर है, 19वीं शताब्दी में निर्मित एक ऐतिहासिक घाट है। इसे स्वच्छ बनाए रखना न सिर्फ हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भी पुण्य का कार्य है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नर्मदा में गंदगी न फैलाने, कचरा न डालने और स्नान के दौरान केमिकल युक्त वस्तुओं का उपयोग न करने की अपील की। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा कोरीघाट पर विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत समाजसेवकों ने घाटों पर जमी गंदगी और कुंतलों कचरे को हटाकर घाट को निर्मल बनाने का कार्य किया। इस मौके पर श्रीमती नीतू श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति खरे, श्रीमती शीतल श्रीवास्तव, श्रीमती सारिका सक्सेना, श्रीमती ईरा वर्मा, श्रीमती ऊषा वर्मा, जानकी, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय वर्मा, अशोक वर्मा, केशव देव वर्मा, हेमंत श्रीवास्तव, लालता प्रसाद सहित अनेक समाजजन शामिल हुए।

2 माह से फरार शराब तस्कर गिरफ्तार एक और फरार आरोपी की तलाश जारी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध मादक शराब तस्करो के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। गत दिवस पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. जो दो माह से फरार था.पुलिस से

प्राप्त जानकारी अनुसार 25 दिसंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध शराब से भरी हुई एक ग्रे रंग की कार सर्किट हाउस घाट तरफ आने वाली है, मुखबिर के बताए अनुसार स्थान पर नजर रखी गई. कुछ देर बाद एक ग्रे रंग की कार पुलिस को आती दिखी। जिसे घेराबंदी पर रोके का प्रयास किया जो कार चालक ने पुलिस को देखकर कार को अंधेरे मे रोक दिया, जिससे उक्त कार में बैठे हुये दो व्यक्ति कार से उतरकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा उक्त कार की तलाशी ली गई। जिसमे 16 पेटी अँग्रेजी शराब कीमती करीबन 1,69,000/- रु. की होना पाया गया। कार चालक से उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम आयुष तिवारी पिता लेवेन्द्र तिवारी उम्र 25 वर्ष नि. हर्बल पार्क नर्मदापुरम का होना बताया एवं उक्त शराब के संबंध में बताया कि शिरीब गुरब एवं अस्सू पठान दोनों निवासी नर्मदापुरम द्वारा उक्त शराब नये साल पर बेचने के लिये ला रहे थे। कार से भागने वाले दो व्यक्ति भी शिरीष गुरब एवं अस्सू पठान ही है। पुलिस द्वारा मौके पर अवैध अँग्रेजी शराब 140 लीटर एवं आल्टो कार कुल कीमत लगभग 5,00,000/-रु को जप्त किया। आरोपी आयुष तिवारी शिरीष गुरब एवं अस्सू पठान के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना फरार आरोपियों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र लगाया गया व संभावित स्थानो पर दबिश दी गई। इस दौरान बीते दिनों मुखबिर द्वारा बताया गया कि आरोपी शिरीष गुरव भोपाल में छिपा हुआ है, उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु एक टीम भोपाल रवाना की गई। भोपाल पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी तो पता चला कि शिरीष गुरव भोपाल से अपनी माँ से मिलने नर्मदापुरम निकल गया हैं, जो उसका पीछा कर भोपाल तिराहा नर्मदापुरम से गिरफ्तार किया।

नोहलेश्वर महोत्सव की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक संपन्न

कवि सम्मेलन, परंपरागत लोक नृत्य, धार्मिक राई नृत्य जैसे कार्यक्रम मेले में समां बाधेंगे: संस्कृति राज्यमंत्री लोधी

तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज नोहटा में नोहलेश्वर मंदिर प्रांगण में नोहलेश्वर महोत्सव के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं संबंधी जायजा लिया। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ 18 फरवरी से किया जा रहा हैं, जिसमें 10 दिन तक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी, मेला में स्थानीय कलाकारों को भी अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही 22 से 26 फरवरी तक संस्कृति विभाग की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी, जिसमें बड़े-बड़े कलाकार आ रहे हैं, जिनमें शहनाज अख्तर, लखबीर सिंह लक्खा, पलक मुछाल, कुनाल जी जैसे बड़े कलाकार आ रहे हैं। इसके साथ एक बड़ा कवि सम्मेलन भी हो रहा है, साथ ही लोकनृत्य की प्रस्तुतियां होंगी, परंपरागत राई नृत्य भी मेला में शमां बांधेंगे। नोहलेश्वर महोत्सव में बहुत ही शानदार और अच्छे कार्यक्रम होने जा रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा बड़ी से बड़ी संख्या में पधार कर नोहलेश्वर महोत्सव का आनंद जरूर लें।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव होने वाला है, मेला औपचारिक रूप से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक कार्यक्रम चलेंगे, इसमें दो प्रमुख आकर्षण है, पहला मेला और साथ में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें देश के नामचीन कलाकार शिरकत कर रहे हैं, कई व्ही.व्ही.आई.पी. इस कार्यक्रम में आएंगे, आम जनता आएगी।

मेला का दृष्टिगत रखते हुये आज संस्कृति राज्यमंत्री जी की गरिमामयी मौदूजगी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के अधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये, ताकि कार्यक्रम पूरी सफलता के साथ और निर्वाध और निर्विघ्न संपन्न हो सके।

नई दमकल, सकरी गलियों की आगजनी रोकने में बनेगी सहायक

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

नगर पालिका ने एक नई छोटी दमकल को खरीद लिया है जिससे शहर की सकरी गलियों में भी आगजनी की घटनाएं होने पर तुरंत मौके पर पहुंच जाएगी। नगर पालिका ने सोमवार को इस अग्निशामक यंत्र का सफल परीक्षण सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद मूलचंद अहिरवार, मनीभाई अहिरवार, संजय भावसार, मुन्ना महाराज एवं अन्य पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि इस छोटी दमकल में पानी की क्षमता करीब 2500 लीटर रहेगी। इसके अलावा इसमें झाग की बौछारों की भी व्यवस्था होने से आग पर काबू पाने में काफी आसानी रहेगी। विभिन्न वार्डों में निवासरत नागरिकों की सूचना पर यह दमकल आसानी से गलियों में जा सकेगी और अपनी क्षमता अनुसार लगभग पांच मंजिला मकान की आग को कुछ ही समय में बुझा देगी। नपा प्रशासन पर अभी छोटी दमकल नहीं थी जिस कारण गली मोहल्ले में आगजनी होने पर काफी असुविधा उठानी पड़ रही थी लेकिन अब यह समस्या भी दूर हो गई है। नपाध्यक्ष शशि यादव का कहना है कि नगर में विकास कार्य को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए छोटी दमकल खरीदी गई है। इससे काफी फायदा होगा।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शिविर में हुआ निराकरण

विदिशा पुलिस अधीक्षक ने की आवेदकों से चर्चा

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

सोमवार को शहर थाने में लंबित सीएम हेल्पलाइन के आवेदकों की समस्या शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा शहर थाना परिसर में अनुभाग क्षेत्र के समस्त थानों की लंबित सीएम हेल्पलाइन के आवेदकों से शिकायत के संबंध में पृथक-पृथक रूप से समस्या सुनी एवं उचित कार्यवाही निराकरण हेतु संबंधित थाना प्रभारी सहित अधिकारियों कर्मचारीगणों को निर्देशित किया। इस दौरान संपूर्ण अनुभाग में सभी स्तर की कुल 20 सीएम हेल्पलाइन लंबित शिकायतो के आवेदकों से चर्चा कर संतुष्टि पूर्वक बंद करवाया गया।

इस मौके पर एसडीओपी मनोज मिश्रा, थाना प्रभारी सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

कॉलेज परिसरों में असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियां रोकने सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालयों में असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है । जिसमें कहा गया है कि विद्यार्थी परिषद ने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय एवं संजय गांधी महाविद्यालय के परिसरों में असामाजिक तत्वों की बढ़ती सक्रियता पर चिंता व्यक्त की। अभाविप के जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि कॉलेज बंद होने के बाद कुछ असामाजिक तत्व परिसर में एकत्र होकर संपत्ति को नुकसान पहुँचा रहे हैं, शराब और जुआ जैसी अवैध गतिविधियों में लिप्त हो रहे हैं, तथा विशेष रूप से बालिका महाविद्यालय के बाहर अनावश्यक भीड़ लगाकर छात्राओं के लिए असुरक्षित माहौल बना रहे हैं। विद्यार्थी परिषद ने मांग की है कि इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन आवश्यक कार्रवाई करे तथा महाविद्यालय परिसरों और उनके आसपास नियमित गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे छात्र-छात्राओं को सुरक्षित एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

मेट्रो एंकर लता मंगेशकर की याद में पंडित स्वरांजलि कार्यक्रम

क्षेत्रीय कलाकारों ने सदाबहार गीत गाकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को याद कर म्यूजिक ज़ोन द्वारा पंडित रामलाल शर्मा विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया. गायन कला में निपुण गायकों द्वारा अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया । कार्यक्रम का विशेष आकर्षण म्यूजिक ज़ोन के संरक्षक पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा रहे जिन्होंने स्टेज पर गायन प्रस्तुत कर सबको अचंभित कर दिया।

म्यूजिक जोन द्वारा आयोजित लता मंगेशकर को समर्पित एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम स्वरांजलि - रहे ना रहे हम, महका करेंगे कार्यक्रम में राम परसाई ने तबला वादन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लता जी के अनमोल सदाबहार गीतों की स्वर्णिम गूंज सुनाई दी। इस संगीतमय संध्या में लता मंगेशकर के सदाबहार नगमे गाए गए, जो उनके अमर सुरों की महक को फिर कर अब कहां जाइएगा, लग जा गले कि फिर ये हसीं रात हो न हो, प्यार किया तो डरना क्या जैसे अनेक सदाबहार गीतों की सजीव प्रस्तुति संगीत प्रेमियों के दिलों को छू गई।

कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध संगीतकार, कलाकार, विशिष्टजन, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति इस आयोजन को और भी खास बनाया दिया। यह आयोजन सिर्फ एक संगीतमय कार्यक्रम नहीं, बल्कि लता जी को श्रद्धांजलि देने का एक अनूठा प्रयास था। संगीत प्रेमी इस कार्यक्रम के हिस्सा बने।

SHARMA
SCHOOL
म्यूज़िक ज़ोन नर्मदापुरम की
प्रवेश
नि: शुल्क

स्वरांजलि में गायकों द्वारा लता मंगेशकर के गीतों की प्रस्तुति दे कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें म्यूजिक ज़ोन के गायक, गायिकाओं ने संगीत का समा बांध दिया। गायक असीम विश्वास ने भी अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम बार प्रस्तुति देकर इटारसी की गायिका वंदना चौरे ने अपनी प्रथम प्रस्तुति से और नेहा सोनी ने अपनी आवाज़ से कार्यक्रम में खासी सुर्खियां बटोरी।

गायक मुकेश की आवाज ओ जाने वाले संतोष शर्मा की प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा, जिन्होंने एक प्यार का नगमा है, गीत पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन सईद कुरैशी ने किया और आभार अभिलाष दुबे द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, वैभव शर्मा, राकेश फौजदार एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

केथन डेम की भूमि पर अवैध रूप से खेती करने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई

विरोध के बावजूद 6 ट्रैक्टरों ने अवैध खेती की फसल नष्ट की

हरी भरी फसल को नष्ट होते देख किसान हुआ बेहोश

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

सोमवार को केथन डैम में अवैध रूप से खेती करने वालों पर प्रशासन ने कड प्रहार करते हुए 80 बीघा जमीन को मुक्त करवाया है। प्रशासन कि इस कार्रवाई का कई अतिक्रमण धारी विरोध करने भी पहुंचे कुछ ने तो महिलाओं को भी आगे किया पर प्रशासन ने अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए सरकारी जमीन को बड़े पैमाने पर खाली करवाया है। इससे पहले भी 25 हेक्टर के करीब जमीन इनके कब्जे से प्रशासन खाली करवा चुका है कुछ दिनों से एक-एक अतिक्रमण धारी की जानकारी लेकर इनको चिन्हित किया इसके बाद इनके ऊपर कार्रवाई करते हैं इनकी फसलों पर ट्रैक्टर चलावाए अवैध रूप से खेती करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर एसडीएम हर्षल चैधरी ने विकास अग्रवाल को नोडल अधिकारी बनकर संयुक्त दल बना है जिसमें सिंचाई विभाग और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने 6 ट्रैक्टरों से 18 से 19 हेक्टर के करीब जमीन पर लगी फसल को नष्ट करवा कर इनके कब्जे से इसको छुड़वाने का काम किया है। जैसे ही प्रशासनिक हमला दलबल के साथ ट्रैक्टरों को लेकर मौके पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो 5 , 6 लोग इनकी कार्रवाई विरोध करने लगे पर प्रशासन ने सरकारी जमीन पर फसल होने पर अतिक्रमण धारियों के विरोध को दरकिनार करते हुए 6 ट्रैक्टर चलवाए कई घंटे की मशक्कत के बाद डेम की जमीन इनके कब्जे से खाली प्रशासन के अधिकारी करवा पाए उक्त कार्रवाई को विधायक ने भी अशोक जैन खर्च के द्वारा डेम की जमीन में अवैध रूप से खेती करने की शिकायत की थी हमारे संवाददाता द्वारा भी लगातार जनहित में अवैध रूप से खेती करने का मामला उठाया जा रहा है। इससे पहले भी प्रशासन हमारे संवादाता की खबर कलेक्टर के निर्देश कार्रवाई को अंजाम दे चुका है। सोमवार को तीसरी बार अतिक्रमण धारियों पर चोट प्रशासन ने की उक्त डैम का निर्माण शहर वासियों की प्यास बुझाने किया गया पर लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से सांठ गांठ करके करके अवैध रूप से केथन डेम की सैकड़ो बीघा जमीन पर दबंगो के द्वारा सालों से अवैध रूप से खेती करके पानी को दूषित किया जा रहा साथ ही डेम को खाली करने के लिए पानी चोरी करने का काम किया जाता है इसमें इनका सहयोग बिजली वितरण कंपनी के द्वारा भी किया जाता है। इससे पहले तत्कालीन एसडीएम बृजेश शर्मा ने भी डेम की भूमि में खेती चालवने का काम किया था अब दूसरी बार इस तरह की बड़ी कार्रवाई अवैध रूप से खेती करने वालों पर एसडीएम करवा रहे हैं।

इनका कहना है

> केथन डेम में अवैध रूप से खेती करने वालों की फसलों पर 6 ट्रैक्टर चलवा कर 80 बीघा जमीन को मुक्त करवाया है कुछ लोगों ने विरोध किया था पर हमने अपनी करवाई नियमों के अनुसार की है।
>
> -विकास अग्रवाल
> नायब तहसीलदार

जनसुनवाई से पहुंच मार्ग पर आवागमन हुआ प्रारंभ

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को बासौदा ग्राम पंचायत मसूदपुर के ग्रामवासियों द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन देकर हाईवे से अपने खेतो तक पहुंचने के मार्ग में हो रही दिक्कतो से अवगत कराते हुए रास्ते पर आवागमन उपलब्ध कराए जाने से अवगत कराया था।

कलेक्टर ने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश बासौदा एसडीएम विजय राय को दिए थे। निर्देशो के अनुपालन में बासौदा अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती सविता पटेल के द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करेंगे और पूर्व के आवागमन मार्ग को सुगम बनाया है। उन्होंने बताया कि हाईवे से सौ मीटर की दूरी तक शासकीय पटटेधारक के द्वारा फसल बोकर रास्ते का अतिक्रमण किया गया था जिसे समझाईश के उपरांत हटाने का कार्य सोमवार को संपादित किया गया है।

लेक सिटी कॉलोनी में मोटरसाइकिल चोरी करने पहुंचे चोर कैमरे में हुए कैद

सिरोंज। लेक सिटी कॉलोनी में रविवार सोमवार की रात्रि में मोटरसाइकिल चोरी करने के इरादे से पहुंचे चोर जब मोटरसाइकिल चोरी करने में सफल नहीं हुई तो उसकी बेट्री को चोरी करके ले गए इनकी करतूत घर के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई इसके बाद सोमवार को वाहन मालिक अख्तर खान ने थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए कहां की मेरी मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए चोर आए थे उसके पहिए में लॉक होने के कारण उसको तो चोरी नहीं कर पाए परंतु मोटरसाइकिल में बैटरी चुरा कर ले गए हैं। उनके चेहरे घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए जांच करके चोरों को पकड़ कर मुझे मेरी मोटरसाइकिल की बैटरी दिलवाई जाए इन दिनों चोरों के द्वारा इस तरह की वारदातों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। कई मोटरसाइकिल है चोरी हो चुकी है। वहीं पुलिस ने आवेदन लेकर कैमरे के आधार पर चोरों की खोजबीन करने का आश्वासन दिया है।

गटर उतरने वालों ने नहीं दिया नोटिस का जवाब, अब कार्रवाई की तैयारी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

छतरी नाकके से लेकर कस्टम पथ तक बन रहे नाले में कई लोगों के द्वारा सेफ्टी टैंक का निर्माण किया बगैर सीधे ही गटर उतरने का कार्य किया जा रहा है । इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा नोटिस जारी करके इनको अपने घरों में टैंक बनाकर उसके माध्यम से गटर का पानी नाले उतारने के लिए नोटिस दिया था इसके बाद भी किसी ने सेफ्टी टैंक निर्माण भी नहीं करवाया नोटिस का भी जवाब नहीं दिया अभी भी गटर सीधा नाले इसी तरह डाला जा रहा है नोटिस का कोई जवाब भी नहीं नहीं देना इनको महंगा पड़ सकता है।जल्दी ही नगर पालिका के नियमों की अनदेखी करने पर ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की तैयारी होने वाली है इसको लेकर मुख्य नगर पालिका राम प्रकाश साहू ने बताया कि सभी को हमने पहले नोटिस जारी किए थे। अभी इनके द्वारा सीधा गटर नाले में डालने का काम किया जा रहा है । नोटिस का जवाब भी किसी नै नहीं दिया है। अब इनके खिलाफ हम जल्दी ही धरातल पर बड़ी कार्रवाई करेंगे इनके पानी को नाले में उतरना भी हम बंद करेंगे गटर जब नाले में नहीं जाएगा तो अपने आप इनको समझ में आ जाएगा ऐसी कार्रवाई भी नगर पालिका प्रशासन कर सकता है।

नगद इनाम की घोषणा

सिरोंज। विदिशा एसपी रोहित काशवानी ने लटेरी थाने में दर्ज अपराध प्रकरण क्र. 26/2025 के फरार आरोपी बने सिंह पुत्र नारायण सिंह गुर्जर, उम्र 40 साल, धर्म सिंह पुत्र नारायण सिंह गुर्जर उम्र 42 साल, लाल सिंह पुत्र नारायण सिंह गुर्जर उम्र 45, शरमा पुत्र नारायण सिंह गुर्जर उम्र 35 साल निवासीगण ग्राम तिन्सिया थाना लटेरी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार (प्रत्येक पर) रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर

सिरोंज। महाशिवरात्रि के त्यौहार को लेकर मंदिरों की रंगाई-पुताई तथा साफ सफाई का काम इन दिनों जोर-सोर से चल रहा है। महाशिवरात्रि का त्योहार नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों मे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसके चलते इन दिनों इनकी साफ सफाई भी हो रही है महाशिवरात्रि पर सभी मंदिरों पर अभिषेक और महा अभिषेक होते हैं कई स्थानों पर भांग की प्रसादी का वितरण भी होता है। देवपुर धाम में भगवान विश्व नाथ स्वामी का जल अभिषेक पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों का ताता लगा रहता है। सभी मंदिरों में देर रात्रि तक धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहती है।

सीएम हेल्पलाइन की वर्तमान रैकिंग सूची में विदिशा चौथे स्थान पर

पचास दिवस के 6592 व रैकिंग महीने के 1455 आवेदन लंबित

सर्वाधिक अवधि के लंबित आवेदनों की जांच हेतु एसडीएम अधिकृत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

बेतवा हाल-कलेक्टोरेट, जिला विदिशा

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। सोमवार की स्थिति में सीएम हेल्पलाइन की जारी प्रदेश स्तरीय रैकिंग सूची में विदिशा जिला चौथे स्थान पर है। कलेक्टर ने सभी विभागो खासकर सीएम हेल्पलाइन दर्ज विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी तीन दिवस में प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग रैकिंग सूची जारी होगी। उक्त सूची में विदिशा जिला किसी भी स्थिति में पिछडे ना इसके लिए सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो का संतुष्टिपूर्वक निदान अधिक से अधिक हो और बीस अंको में से पूरे बीस प्राप्त हो। वर्तमान में 12.98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है अतः निराकरण के मामलो में संतुष्टि के प्रतिशत को बढाया जाना अतिआवश्यक है।

कलेक्टर ने विभागवार निराकरण आवेदनो के निर्धारित लक्ष्य अनुसार सप्ताहिक अवधि में लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए नवाचारो और निराकरणो की अद्यतन स्थिति का जायजा विभागवार पृथक-पृथक समीक्षा के माध्यम से लिया है। कलेक्टर ने कहा कि आवेदनो के निराकरणो में किसी भी प्रकार की कोताही स्वंय व अधीनस्थो को बरतने ना दें। जिन विभागो की प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची निम्न स्तर में सम्मिलित होगी उन विभागो के जिलाधिकारियों के साथ-साथ अधीनस्थो का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। अतः ग्रेडिंग रैकिंग सूची जारी होने से पहले सभी विभाग निराकरण के मामले में अपनी और से कोई कोर कसर नहीं छोडेंगे। ऐसे आवेदन जिनको फोर्सक्लोज कराया जाना है। उक्त कार्य विभाग प्रमुख के माध्यम से समयावधि में कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि रैकिंग सूची में दर्ज प्रगति में वृद्धि हो सकें।

कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के तहत 50 दिवस एवं जनवरी माह की दर्ज शिकायतो की विभागवार समीक्षा की है। बैठक में बताया गया कि सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग 3584 इसके पश्चात राजस्व 781, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के 625, खाद्य नागरिक आपूर्ति के 506, गृह विभाग के 297, अजा कल्याण विभाग के 198, स्कूल शिक्षा विभाग के 197, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 73, नगरीय निकाय के 82, कृषि विभाग के 40, श्रम व सामान्य प्रशासन विभाग के 30-30 आवेदन लंबित है इस प्रकार कुल 6592 आवेदन लंबित है।

ग्रेडिंग मंथ जनवरी माह की कुल 1455 शिकायते लंबित है जिसमें सर्वाधिक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की 275, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 262, राजस्व की 237, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 103, नगरीय निकाय की 91, गृह विभाग की 84, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 51, जल संसाधन विभाग की 49, ऊर्जा व स्कूल शिखा विभाग की क्रमशः 39-39, वन की 41, महिला एवं बाल विकास विभाग की 30,श्रम की 22, सूचना एवं प्रौद्योगिकी की 27, अजा कल्याण विभाग की 17, कृषि विभाग की 13, सामान्य प्रशासन की 17, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की दस इसके अलावा अन्य विभागो की सिंगल डिजीट में शिकायते दर्ज है।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के अलावा अन्य विधाओं के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायती आवेदनो के निराकरणो की भी समीक्षा की है। उन्होंने पिछली बैठक के लंबित आवेदनों पर हुई कार्यवाही की भी पृथक से समीक्षा की हैं।

कलेक्टर ने जिले में सर्वाधिक समयावधि के लंबित पहले पांच आवेदनो का चयन उपरांत संबंधित विभाग के द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है के नवाचार तहत समीक्षा की है। उन्होंने आवेदको को अनावश्यक रूप से परेशान होने, समस्या का त्वरित निदान नहीं करने के प्रकरणो में विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग, शमशाबाद तहसील में जल संसाधन विभाग का तथा विदिशा नगरपालिका में लंबित सर्वाधिक अवधि के आवेदन की समीक्षा की है। कलेक्टेर्ऽट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में पीएम जनमन, खाद एवं बीज की आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण, जल मिशन के कार्य, स्वास्थ्य विभाग के कार्य व आयुष्मान पखवाडा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण की स्थिति, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की राजस्व प्राप्ति और उनके सासाहिक निरीक्षण कार्यो की जानकारियां प्राप्त की गई है। बैठक में आंगनबाडी भवनो, एएनसी पंजीयन, सीएम राइज स्कूल भवनो की प्रगति, संजीवनी क्लिनिक, पीएम विश्वकर्मा योजना, सीखो कमाओ योजना, चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, स्वामित्व योजना तथा खाद्य सुरक्षा सेम्पलिंग व पांच वर्ष तक के बच्चो के आधार कार्ड बनाए जाने तथा अवैध कालोनियों पर की जा रही कार्यवाही इत्यादि की भी समीक्षा की गई है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है। कलेक्टर ने अपने चेम्बर के बाहर आवेदको से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण के लिए स्टेनो के माध्यम से संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने लंबित आवेदनो की समीक्षा के उपरांत अपने चेम्बर के सामने मौजूद 35 आवेदको से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण की पहल कराई है।

मेट्रो एंकर खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ

प्रतियोगिता में 485 प्रतिभागी लेंगे विभिन्न खेलों में हिस्सा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्देशों के अनुपालन एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 17 से 19 फरवरी तक जोन स्तरीय भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के सात जिलों के डाइट में अध्ययनरत शिक्षक प्रशिक्षणार्थी बालक, बालिकाओं की खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओ का शुभारंभ खेल स्टेडियम विदिशा में किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष गीता रघुवंशी, संदीप डोंगर सिंह, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता संयोजक डाइट प्राचार्य जीपी राठी ने अतिथियों का स्वागत कर, प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता (कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, गोला फेंक, भाला फेंक एवं 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़) तथा साहित्यिक प्रतियोगिता (वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, निबंध, कहानी वाचन, व्यंग्य लेखन, कविता लेखन, लघुकथा लेखन एवं चित्रकला) आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिताएं खेल स्टेडियम एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं डाइट विदिशा में आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में 485 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहें हैं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्री राकेश बरसैंया ने तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति शुक्ला ने किया।

दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का क्रियान्वयन आज से 18 मार्च तक

सिरोंज। विदिशा दस्तक अभियान का द्वितीय चरण का क्रियान्वयन 18 फरवरी से 18 मार्च 2025 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी के निर्देशन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा संचालित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिले के 9 माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी एवं पिछले चरण में एनीमिया से ग्रसित पाए गए 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की एनीमिया की फॉलो अप जांच की जाएगी। विटामिन ए खुराक हेतु 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का लक्ष्य 148751 हैं। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष तक के दस्तक अभियान के प्रथम चरण में 51945 बच्चे एनीमिक पाए गए थे। जिनका द्वितीय चरण में डिजिटल हीमोग्लोबिन के माध्यम से फॉलो अप जांच उचित उपचार रेफर एवं प्रबंधन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश तिवारी ने समस्त विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान को गंभीरतापूर्वक लेते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करें एवं रिपोर्ट जिला स्तर पर भेजना सुनिश्चित करें। दस्तक अभियान के सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन की तैयारी के साथ आम नागरिकों तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य स्थलों पर आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से जन जागरूकता के संदेशों का प्रसारण भी किया जा रहा है।र

प्रीमियर लीग मुकाबला

इंजुरी टाइम में गोल कर जेरोर्ड ने वेस्ट हैम को दिलाई शानदार जीत

लंदन. एजेंसी

वेस्ट हैम ने खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को कड़ी टक्कर के बाद 2-1 से शिकस्त दी। हालांकि निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबरी पर था लेकिन इंजुरी टाइम के दूसरे ही मिनट में जेरोर्ड बोवेन ने जलवा दिखाया और जबरदस्त गोल करके वेस्ट हैम को जीत दिला दी। वेस्ट हैम ने इस साल अपने घरेलू मैदान पर पहली बार लगातार दो मैच जीते थे। इससे पहले, वेस्ट हैम ने इप्सविच क्लब को 4-1 से करारी शिकस्त दी थी।

जोरदार रही टक्कर दी

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दूसरे हाफ में दोनों टीमें आक्रामक रणनीति के साथ उतरीं। मैच के 74वें मिनट में क्रेसेनसियो सुमरविले ने गोल करके वेस्ट हैम को बढ़त दिला दी, लेकिन छह मिनट बाद ही मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी कासमीरो ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। लेकिन इंजुरी टाइम में जेरोर्ड के गोल से वेस्ट हैम ने जीत हासिल कर ली। वहीं दूसरी ओर चेल्सी ने कोले पलमेर के 47वें मिनट में किए गए शानदार गोल से इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में न्यूकैसल को 2-1 से शिकस्त दी। मई के बाद टूर्नामेंट के पिछले 14 मुकाबलों में चेल्सी की यह 10वीं जीत है। चेल्सी ने निकोलस जैकसन के गोल से 18वें मिनट में ही बढ़त कायम कर ली थी। लेकिन 32वें मिनट में एलेक्जेंडर इसाक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही कोले पलमार ने गोल करके चेल्सी को जीत दिला दी।

बदलाव: भारतीय टीम ने 13 मैचों में सिर्फ एक ड्रॉ खेला

अब टेस्ट नहीं रहे बोरिंग, बीते डेढ़ साल में 98 में से सिर्फ 3 मैच ड्रॉ

नईदिल्ली. एजेंसी

कुछ सालों पहले तक टेस्ट क्रिकेट को बोरिंग समझा जाता था, लेकिन जब से आइसीसी ने टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की शुरुआत की है, तब से क्रिकेट का यह पांच दिवसीय प्रारूप रोमांचक और परिणाम देने वाला बन गया है। यदि डब्ल्यूटीसी के 2023-25 के सर्कल पर नजर डाले तो अभी तक कुल 98 टेस्ट मैच खेले गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें से सिर्फ तीन टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं और 95 मैचों का परिणाम निकला है।

इंग्लैंड ने खेले सर्वाधिक 19 मैच: डब्ल्यूटीसी सर्कल 2023-25 में इंग्लैंड की टीम ने सर्वाधिक 19 मैच खेले और इसमें सिर्फ एक मुकाबला ड्रॉ रहा। इंग्लैंड की टीम ने नौ मैच जीते और नौ हारे, लेकिन टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की होड़ से बाहर हो चुकी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा, मैच में रन लेते जडेजा व विराट।

टीम इंडिया दूसरे स्थान पर

इंग्लैंड के बाद भारतीय टीम सर्वाधिक टेस्ट मुकाबले खेलने में दूसरे नंबर पर है। भारतीय टीम ने 13 मैचों में सिर्फ एक ड्रॉ खेला। टीम आठ जीत और चार हार के साथ फाइनल में जगह बनाने की मजबूत दावेदार है। भारतीय टीम दो बार फाइनल में जगह बना चुकी हैं।

इन पांच टीमों ने नहीं खेला कोई ड्रॉ

जानकारी के अनुसार श्रीलंका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश ने अभी तक कोई टेस्ट मैच ड्रॉ नहीं खेला है। इन टीमों ने कुल 45 टेस्ट खेले हैं। इन पांच टीमों में से पाक व बांग्लादेश डब्ल्यूटीसी फाइनल की होड़ से बाहर हैं।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: हॉकी टीम घोषित

सलीमा को महिला टीम की कमान

नई दिल्ली. एजेंसी

हॉकी इंडिया ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित कर दी। टीम की कमान सलीमा टेटे के पास होगी। इस टूर्नामेंट के मैच 11 से 20 नवंबर तक बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी चुनौती मिलेगी।

भारतीय टीम: गोलकीपर- सविता व बिचू देवी। डिफेंडर- उदिता, ज्योति, वैष्णवी, सुशीला चानू व इशिका। मिडफील्डर- नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला, मनीषा, सुनेलिता टोप्पो व लालरेम्सियामी। फॉरवर्ड- नवनीत, प्रीति, संगीता, दीपिका व ब्यूटी डुंगडुंग।

टीम चयन को लेकर थी नाराजगी

पीसीबी से नाराज होकर गैरी कर्स्टन ने छोड़ा कोच पद

कराची. एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान की टी-20 और वनडे टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। एक रिपोर्ट के तहत, कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ विवाद के कारण कोच पद छोड़ दिया है। दरअसल, गैरी कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी सीरीज के लिए चयन की गई टीम से असहमत थे। यह विवाद तब और बढ़ गया, जब पीसीबी ने कर्स्टन ने टीम के बारे में दिए गए उनके सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण कर्स्टन ने पद छोड़ने का फैसला किया। भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में 2011 वनडे विश्व कप जिताने वाले गैरी कर्स्टन का पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ दो साल के लिए अनुबंध था।

एनिमिसोवा ने जीता करियर का बड़ा खिताब

दोहा. एजेंसी

अमरीका की 23 वर्षीय युवा खिलाड़ी अमांडा एनिमिसोवा ने जेलेना ओस्टापेंको को हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। एनिमिसोवा ने कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में लात्विया की ओस्टापेंको को आसान मुकाबले में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। जनवरी, 2022 के बाद यह एनिमिसोवा का पहला खिताब है।

मेट्रो बाजार

10 साल में 5 गुना बढ़ गए करोड़पति टैक्सपेयर्स, संख्या 2.20 लाख के पार

नई दिल्ली. एजेंसी

देश में करोड़पति टैक्सपेयर्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। भारत में वित्त वर्ष 2013-14 में करोड़पति टैक्सपेयर्स की संख्या सिर्फ 44,000 थी जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2.2 लाख के पार पहुंच गई। यानी 10 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अमीरों पर धन वर्षा कर दी है और करोड़पति टैक्सपेयर्स का संख्या 5 गुना बढ़ी है। एसबीआइ इकोनॉमिक रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, टैक्स सिस्टम में लगातार हो रहे सुधार के चलते डायरेक्ट टैक्स का हिस्सा कुल टैक्स रेवेन्यू में 56.7 फीसदी हो चुका है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 54.6 फीसदी था। यह आंकड़ा 14 साल में सबसे ज्यादा है। पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन ने कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन को पछाड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में मिडिल क्लास सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है। असेसमेंट ईयर 2014 में 1.5 से 5 लाख रुपए की आय वाले लोग असेसमेंट ईयर 2024-25 में 2.5 से 10 लाख रु. वाले आय वर्ग में आ गए। महिला टैक्सपेयर्स की संख्या भी कुल करदाताओं में 15त्न हो गई है। टैक्सपेयर्स की संख्या एक दशक में 2.3 गुना बढ़ा है। 2023-24 में टैक्सपेयर्स बढ़कर 8.62 करोड़ हो गए। आइटीआर फाइल करने वाले 51 फीसदी लोगों की सालाना आय 2.5 लाख से 5 लाख रुपए के बीच थी।

जियो-हॉटस्टार डोमेन दुबई के बच्चों ने खरीदी

नई दिल्ली. एजेंसी

रिलायंस जियो-हॉटस्टार के लिए डोमेन खरीदने का मामला और उलझता नजर आ रहा है। जियोहॉटस्टार डॉटकॉम डोमेन अब भारत में नहीं, बल्कि दुबई में जिन दो बच्चों के पास है उनके नाम जैनम और जीविका है। जैनम 13 साल और जीविका 10 साल की है। ये दोनों दुबई में अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं। दिल्ली के जिस शख्स (सॉफ्टवेयर डेवलपर) के पास यह डोमेन था, उसने इसे जैनम और जीविका को बेच दिया है। भाई-बहन ने कहा कि जब वे भारत में थे तब उन्होंने इस डोमेन को दिल्ली के सॉफ्टवेयर डेवलपर से खरीदा था। पहले खबरें आई थीं कि इस शख्स ने इस डोमेन के लिए रिलायंस से एक करोड़ रुपए का मांग की थी, लेकिन अब खबरें आ रही हैं कि इस टेक प्रोफेशनल ने जैनम और जीविका को 10 लाख रुपए में ही यह डोमेन बेच दिया है। रिलायंस ने इस मामले में ट्रेडमार्क उल्लंघन को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। यह वेबसाइट तब चर्चा में आई जब पता चला कि डेवलपर ने 2023 में यह डोमेन रजिस्टर किया था, यह उम्मीद करते हुए कि रिलायंस इसे खरीदकर उनकी हाई एजुकेशन के लिए मदद कर सकता है।

ग्रीन एनर्जी कंपनियों को लिस्ट कराएगा केंद्र

मुंबई. एजेंसी

सितंबर तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट्स आने शुरू हो गए हैं। आने वाले हफ्ते से इसमें तेजी देखने को मिलेगी जब टीसीएस, इरेडा, टाटा एलेक्सी, डीमार्ट और एशियन होटल्स जैसी कंपनियां अपने सितंबर तिमाही के नतीजे पेश करेगी। नतीजों के एलान से पहले ब्रोकरेज हाउस अपने-अपने अनुमान भी जारी कर रहे हैं। ऐसे ही एक अनुमान के तहत मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक रिपोर्ट में कहा कि दूसरी तिमाही के दौरान सरकारी बैंकों के मुनाफे में पहली तिमाही के मुकाबले हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं सालाना आधार पर मुनाफे में बढ़त संभव है। वहीं प्राइवेट बैंकों का प्री-प्रोविजन ऑपरेटिंग प्रॉफिट साल दर साल के आधार पर 12 फीसदी और तिमाही दर तिमाही आधार पर 1 फीसदी बढ़ सकता है। एनालिस्ट्स की ओर से 19 बैंकों के तिमाही नतीजों के अनुमान में कहा गया कि मार्जिन पर दवाब पड़ने से बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर 10 फीसदी पर आ सकता है।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

बेटी राहा को कहानियां सुनाने की आदत डाल रही हैं आलिया, बोलीं- माता-पिता को यह करना चाहिए

आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'जिगरा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है। यह फिल्म ओपनिंग डे से ही संघर्ष कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई शहरों में पहले दिन ही इसके शो रद्द कर दिए गए, क्योंकि इसे दर्शक नहीं मिल रहे थे। आलिया भट्ट के करियर के लिए यह फिल्म बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। आलिया ने राहा को लेकर एक खुलासा किया है। आलिया भट्ट ने माना कि वह इन दिनों क्रिएटिव हो रही हैं, जब वह अपनी बेटी राहा कपूर के लिए कहानियां बनाने के लिए सोचती हैं। अभिनेत्री ने एक चैट में साझा किया कि कैसे वह रणबीर व बहन शाहीन भट्ट के बारे में कहानियां बनाती हैं, क्योंकि उनकी बेटी उन्हें सुनना चाहती हैं। आलिया ने कहा, मैं अभी उस लेवल पर हूं, जहां मैं राहा के लिए कहानियां बना रही हूं, अचानक वह कहेगी मम्मा, मुझे पापा की कहानी बताओ, फिर मैं रणबीर के बारे में कहानी बनाऊंगी, फिर मैं तन्ना की कहानी बताऊंगी, जैसे वह मेरी बहन को तन्ना बुलाती है, इस तरह मैं सचमुच कहानियां बना रही हूं और मैं सच में बहुत क्रिएटिव बन रही हूं।

वरुण धवन ने रेड कारपेट पर जैकलीन को लगाया गले, वायरल हो रहा है वीडियो

अभिनेता विक्की कौशल और जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी को पर्दे पर काफी पसंद किया जाता है। दोनों सितारों ने 'डिशूम' और 'जुड़वा 2' जैसी फिल्मों में साथ में काम किया है। जैकलीन और वरुण धवन की जोड़ी को बड़े पर्दे पर इन दोनों फिल्मों में मस्ती करते देखा गया है। हाल ही में दोनों एक दिवाली पार्टी में मिले, जहां उन्होंने एक दूसरो को उत्साह के साथ गले लगाया, इससे उनकी दोस्ती और लगाव को लेकर प्रशंसक चर्चा कर रहे हैं। इस वायरल वीडियो में जैकलीन फर्नांडिस रेड कारपेट पर खड़ीं मीडिया को पोज दे रही थीं। तभी वरुण उनके सामने आए और उन्हें शुभकामना देते हुए गले लगाया। इसके बाद दोनों बॉलीवुड सितारों ने रेड कारपेट पर पोज भी दिए। इस वीडियो में दोनों की दोस्ती साफ नजर आ रही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन इन दिनों सिटाडेल हनी बनी में नजर आ रहे हैं। इसके बाद वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में नजर आएंगे, जो 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही वह सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें वह अभिनेत्री जान्हवी कपूर के साथ दिखाई देंगे। अपनी फिल्म को लेकर जान्हवी ने कुछ बातें साझा कीं।

अराश्द जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म जॉली एलएलबी-3 में साथ दिखेंगे

अरशद वारसी अपनी आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी-3 को लेकर काफी खुश हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी आने वाली इस फिल्म के अलावा स्त्री-2 के बारे में भी काफी कुछ कहा। अरशद वारसी ज्यादातर कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। जल्द ही वह अक्षय कुमार के साथ जॉली एलएलबी-3 में साथ दिखेंगे। इस फिल्म में भी दर्शकों को उनका कॉमिक अंदाज नजर आएगा। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान उन्होंने स्त्री-2 की खूब तारीफ की। उनका कहना है, यह फिल्म देखकर उनका पैसा वसूल हो गया। अरशद वारसी ने इंटरव्यू में कहा कि मैं जब फिल्म स्त्री-2 देखी तो यह फिल्म मुझे खूब पसंद आई। यह एक कमाल की फिल्म है। मुझे लगा कि यह फिल्म देखकर मैंने अपने पैसे का सही इस्तेमाल किया है। इसके अलावा मुझे इस फिल्म में राजकुमार राव बहुत अच्छे लगे वह बहुत ही अच्छे अभिनेता हैं। इस तरह से अरशद ने राजकुमार राव की खूब तारीफ की उनके अभिनय को सराहा। अरशद ने अपनी फिल्म जॉली एलएलबी-3 के बारे में इंटरव्यू में काफी कुछ बताया। एक सीन का जिक्र किया जिसमें उनके और अक्षय के बीच लड़ाई का दृश्य शूट हुआ। इस सीन को करते हुए अरशद को चोट भी आई। लेकिन वह इस सीन से जुड़ी बात बताते हुए काफी खुश नजर आए। वह कहते हैं, मैंने और अक्षय ने लड़ाई का सीन एक ही टेक में कर दिया। लेकिन इस सीन के दौरान मुझे चोट आ गई खून भी काफी निकला। फिल्म जॉली एलएलबी-3 में अक्षय और अरशद का किरदार आमने-सामने हो सकते हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ काम करके अरशद काफी खुश हैं। उनके साथ काम करने को यादगार मानते हैं।

ऐशबाग क्षेत्र का मामला, रात 2 बजे हुई वारदात

हफ्ता देने से इनकार करने पर बदमाश ने कारों के कांच तोड़े

पुलिस कर रही अड़ीबाज की तलाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग इलाके में हफ्ता देने से इंकार करने पर एक युवक ने मौके पर खड़ी तीन कारों के कांच फोड़ दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चाणक्यपुरी ऐशबाग में रनहे वाले ऋषभ कुशवाह बीबीए की पढ़ाई कर रहे हैं। सोलह फरवरी की रात करीब 2 बजे वह चौराहे पर खड़ी अपनी कार पर कवर चढ़ा रहे थे। इसी बीच अभिषेक नामक युवक पहुंचा और बोलने लगा कि यहां पर गाड़ी खड़ी करनी है तो एक हजार रुपये का हफ्ता देना पड़ेगा।

ऋषभ ने जब उसे रुपये देने से इंकार किया तो उसने चाकू मारकर उनकी कार का पिछला कांच फोड़ दिया। इसके साथ ही अभिषेक ने पास ही खड़ी अंकित पटवा की अल्टो और राकेश साहू की स्विफ्ट डिजायर कार का भी कांच फोड़ दिया. शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़कर पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज और तोडफोड़ करने का मामला दर्ज कर लिया है।

सायलेंसर और पहिया चोरी

उधर कारों के सायलेंसर और पहिया चोर गिरोह भी सक्रिय है। कोहेफिजा इलाके में घर के सामने खड़ी मारुति ईको कार का एक सायलेंसर चोरी हो गया।

इसके पहले बीते डेढ़ महीने में करीब आधा दर्जन कारों के पहिया चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। फिलहाल एक भी वारदात का सुराग नहीं लग पाया है।

जानकारी के अनुसार कृष्णकांत नायक (42) इंद्रविहार, तिलक कालोनी एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। शनिवार की रात करीब दस बजे उन्होंने अपनी मारुति ईको कार घर के बाहर खड़ी की थी।

रविवार सुबह करीब नौ बजे उन्होंने कार स्टार्ट की तो अलग प्रकार की तेज आवाज आई। नीचे उतरकर देखा तो कार का सायलेंसर गायब था। चोरी गए सायलेंसर की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है।

दरअसल शहर में एक ऐसा चोर गिरोह सक्रिय है जो कारों के सायलेंसर और पहिया चोरी करता है। बीते डेढ़ महीने के अंदर करीब आधा दर्जन कारों के पहिये चोरी हो चुके हैं। पिछले साल वर्ष 2024 में गिरोह ने लगभग तीन दर्जन कारों को निशाना बनाया था।

इधर, कमला नगर थानांतर्गत सुदामा नगर स्थित आटा चक्की के सामने खड़ी जितेंद्र बर्डे और कृष्णा कालोनी गौतम नगर निवासी मजहर अली के घर के सामने खड़ी बाइक चोरी चली गई।

पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आयशर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मनोरम गार्डन के पास आयशर ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा रविवार रात करीब साढ़े से दस बजे के आसपास है। हादसे में घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार महेंद्र कातिया पिता द्वारिका प्रसाद (35) श्रीधाम कॉलोनी लाकोठी, छोला में रहता था और प्राइवेट बैंक में काम करता था। रविवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी मधुरम गार्डन के सामने विदिशा रोड की तरफ से आ रहे आयशर ट्रक ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में महेंद्र को गंभीर चोट आई थी।

हादसा: बाइक फिसलने से युवक की हो गई मौत

भोपाल। बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज मंगलवार को मृतक का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार अभिषेक सिलावट पिता ओमदीप सिलावट (22) श्री ईएमई सेंटर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता श्री ईएमई सेंटर में प्राइवेट माली का काम करते हैं। अभिषेक सोमवार दोपहर अपने दोस्त के साथ बाइक से निकला था। इसके बाद बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। अभिषेक का दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

सड़क पर कुत्तों से क्रूरता, गाड़ियां चढ़ाकर मार डाला, मामला दर्ज

भोपाल। राजधानी में पशु क्रूरता के दो मामले सामने आए हैं। पहला श्यामला हिल्स के अंसल अपार्टमेंट के पास का है जहां सड़क किनारे सो रहे एक कुत्ते को थार गाड़ी से कुचल दिया। वहीं शाहपुरा इलाके में एक कार सवार ने स्ट्रीट डॉग के नन्हे बच्चे को बेरहमी से रौंद डाला। इन मामलों में पेट लवर्स ने थानों में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि अंसल अपार्टमेंट निवासी और पेट लवर सुनीता जोशी ने आवेदन दिया कि पड़ोसी असलम खान के बेटे आतिफ ने गाड़ी थार एमपी 04 वायजी 9123 से दोपहर करीब 12 बजे सड़क किनारे सो रहे कुत्ते को जानबूझकर कुचल दिया। जब घटना के फुटेज मिले, तो कार से कुत्ते को कुचलने का पता चला। इसके बाद पेट लवर एकत्रित होकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। इसी तरह शाहपुरा इलाके में कार सवार ने रास्ते पर लेटे स्ट्रीट डॉग (कुत्ते के बच्चे) पर कार चढ़ाकर उसकी जान ले ली।

गांजा तस्कर से पंद्रह किलो गांजा जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो

क्राइम ब्रांच सुभाष नगर अंडर ब्रिज के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पंद्रह किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुभाष नगर ब्रिज पर बंद पेट्रोलपंप के पास एक युवक खड़ा है। उसके पास ट्राली बैग में गांजा है और वह किसी ग्राहक गांजा देने के लिए खड़ा है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी करते हुए युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शांतानु नागर पिता रजनीश नागर (24) अर्जुनगंज, लखनऊ उत्तरप्रदेश बताया। उसने बताया कि हाल में वह धोबी घाट, बैरागढ़ में किराए से रहता है। उसके पास मौजूद ट्रॉली बैग की तलाशी लेने पर उसमें 15 किलो 50 ग्राम गांजा मिला।

छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गोविंदपुरा पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गत दो वर्ष से छात्रा को परेशान कर रहा था। वह उसे स्कूल और कोचिंग जाते समय कमेंट्स करता था और बात करने के लिए दबाव बना रहा था। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 16 साल की किशोरी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी बुआ परवलिया इलाके में रहती हैं, वहां छात्रा का आना-जाना था। बुआ के गांव में रहने वाला जॉनी मालवीय से छात्रा की पहचान हो गई थी। बाद में वह स्कूल आते-जाते समय छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। पहले तो किशोरी ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन जॉनी की हरकतें बढ़ गई तो उसने परिजन को बताया। परिजन रविवार को उसे लेकर थाने पहुंचे, वहां आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सौरभ समेत तीनों अलग बैरक में, पूछताछ व पेशी के बाद गुमसुम, जेल में ही मेडिकल सुविधा मिलेगी

भोपाल। आरटीओ के पूर्व आरक्षक व मौजूदा कारोबारी सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौड़ को जेल प्रशासन द्वारा मेडिकल सुविधा देने के लिये कहा गया है। दरअसल बीते दिन जब ईडी ने इन्हें कोर्ट में पेश किया तो स्पेशल कोर्ट में शरद के वकील सूर्यकांत बुझाड़े ने न्यायिक हिरासत में मुवक्किल को मेडिकल सुविधा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि, शरद हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी से ग्रस्त है। इस पर कोर्ट ने जवाब दिया कि, जरूरत अनुसार जेल प्रशासन उन्हें मेडिकल सुविधा देगा। इसके बाद तीनों को ईडी की कस्टडी में जेल के लिए रवाना किया गया। बताया जाता है कि ईडी की कस्टडी से लौटने के बाद तीनों को अलग-अलग बैरक में रखा गया। यहीं उन्हें पहले रखा गया था । बैरक में आम कैदियों को जाने की इजाजत नहीं है। तीनों को खास निगरानी में रखा गया है। तीनों के बैरक में केवल वही कैदी हैं, जो जेल प्रशासन के लिए खुफिया सूचना देने का काम करते हैं। यह कैदी तीनों की हर गतिविधि की निगरानी कर रहे हैं।

मेट्रो एंकर टवेरा ओर कार में भिड़ंत, आग लगने से 1 की मौत, 2 घायल

बहन की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे थे युवक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सिवनी मालवा बीती सोमवार देर रात 11 बजे के लगभग अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटकर सिवनी मालवा लौट रहे युवकों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा के कोटलाखेड़ी के पास टवेरा और वैन्यू कार में भिड़ंत हो गई। इससे कार में अचानक आग लगने से लगभग 30 साल के एक युवक की जलकर मौत हो गई ।

MP 04 BA 7625

वहीं दो लोगों ने गाड़ी से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई।

वहीं अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने गए कार में सवार अवतार सिंह राजपूत की मौत हो गई। उसकी बहन की शादी 21 फरवरी को है। कार में सवार सूरज धनगर और वंश राठौर पिता राजू राठौर मौजूद थे।

घायल सूरज धनगर ने बताया कि वे भोपाल अवतार सिंह राजपूत की बहन की शादी की खरीदी करने गए थे लौटते समय रात 11 बजे के लगभग कोटलाखेड़ी ओर धरम कुंडी

के पास टवेरा और कार टक्कर के बाद कार नीचे उतर गई, कार में ब्लास्ट होने से आग लग गई। कार से सूरज और वंश किसी तरह गाड़ी से बाहर निकल गए वहीं अवतार सिंह राजपूत उतरा नहीं पाया और गाड़ी के साथ जल गया।

अवतार सर्वेयर की नौकरी करता था वहीं वंश राठौर पढ़ाई कर रहा है, सूरज धनगर इलेक्ट्रॉनिक्स का संचालक है।

घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझ बाई और मृतक को अस्पताल लेकर आए जहां पर सब का परीक्षण किया गया। जहां शादी की तैयारी चल रही थी अपनी बहन की बारात आने वाली थी वहीं पर इस दुखद घटना से सभी लोग बड़े ही दुखीत हैं।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022